भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3166

जिसका उत्तर 12.03.2020 को दिया जाना है

केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग-85 पर बाईपास सड़क

3166. श्री थोमस चाज़िकाडनः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय राजमार्ग-85 पर केरल राज्य में मुवतुपुज्जा से कोथामंगलम तक बाईपास सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाओं की कार्य की धीमी गति की जानकारी है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) राज्य में ऐसी मुख्य परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान प्रत्येक परियोजना हेतु कितनी निधि प्रदान की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): मुवतुपुज्जा से कोथामंगलम सहित राष्ट्रीय राजमार्ग-85 के थेनी - मुन्नार - कोच्ची खंड का विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शुरू कर दिया गया है।

(ग) और (घ): भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से निष्पादित की जा रही कुछ 4/6 लेन की परियोजनाएं विभिन्न कारणों जैसे जन आंदोलन, भूमि अधिग्रहण में विलंब, मिट्टी-गिट्टी निकालने के स्थान की अनुपलब्धता तथा वन स्वीकृति में विलंब, इत्यादि के कारण से विलंबित हुई हैं। वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान व्ययित व्यय के साथ ऐसी प्रमुख परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:-

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**व्ययित व्यय (करोड़ रु.)**	
		2018-19	**2019-20**
1	वडक्कनचेरी (240 किमी) से त्रिशूर (270 किमी) तक को 6-लेन का बनाना	0	0
2	रारा-66 के तिरुवनंतपुरम बाइपास के कुक्कोला (26.500 किमी) से केरल/तमिलनाडु सीमा तक को 4-लेन का बनाना	158.41	123.32
3	थलेसरी - माहे बाइपास को 4-लेन का बनाना	198.13	117.59

*****